Regarding refunds to people of Wardha Parliamentary Constituency who invested in Sahara Group of Companies.-laid

श्री रामदास तडस (वर्धा): माननीयमंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा में सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाईटी लि./सहारियन युनिवर्सल मल्टीपरपॅज सोसाईटी लि./इण्डिया क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाईटी लि० एवं सहारा स्टार्स मल्टीपरपज सोसाईटी लि. के फ्रेंचायजी में एजेंट के जरिये 25 से 30 हजार रूपये नागरिको द्वारा दैनिक/मासिक/फिक्सड डिपॉजिट के खाते खुलवाये गये थे और इन सभी खातेदारों की मैच्योरिटी पूरी हो गयी है, लेकिन कई वर्षों/महीनों से भुगतान पेंडिंग है। खातेदारा द्वारा भुगतान के संदर्भ में सहारा इण्डिया के सोसाईटी के स्थानीय कार्यालय, शाखा कार्यालय, रीजन कार्यालय एवं जोनल कार्यालय के चक्कर लगाए जा चुके हैं। सोसाईटी के प्रबंधकों से भी भुगतान के लिये पत्र दिये है, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हुआ, सभी खातेदार एवं एजेंट व्दारा सहारा इंडिया से भुगतान मिलने हेतु आग्रह किया है। इस संस्था में करोड़ो रुपये मेरे संसदीय क्षेत्र के लोंगो का ब्लॉक हो गया है जिससे बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अतः माननीयमंत्री जी से निवेदन करना है कि सहारा परिवार के सभी खातेदार एवं एजेंट का भुगतान शीघ्र करवाने का कृपा करें जिससे कि इस समस्या का निदान हो सके।